दिनांक 01 अप्रैल 2019

स्वच्छ भारत अभियान
स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत निगम कार्यालय में चलाया गया हस्ताक्षर अभियान , आयुक्त सुंदरानी ने हस्ताक्षर करके की शुरुआत

भिलाईनगर/23 अप्रैल दिन मंगलवार को शत्-प्रतिशत मतदान करवाने के लिए नगर पालिक निगम, भिलाई ने जागरुकता अभियान की शुरुवात की है और निगम मुख्य द्वार में हस्ताक्षर अभियान हेतु बोर्ड स्थापित कर लोगांेें से हस्ताक्षर करवा रही है।
नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने जिलाधीश एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित आनंद के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम के तहत् निगम क्षेत्र के नागरिकों को 23 अप्रैल को शत्-प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित करने के लिए दल गठित कर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में निगम के अधिकारी , कर्मचारियों की शपथ के पश्चात् सोमवार को आयुक्त श्री सुंदरानी , उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने अपना हस्ताक्षर कर हस्ताक्षर अभियान प्रारम्भ किया है।

जनसम्पर्क अधिकारी